**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-04 का उत्तरालेख।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 4(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सन्तकबीर नगर, पो0-बनियावारी के ग्राम दुघरा में खाद्य रसद विभाग द्वारा संचालित कोटे की दुकानों में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें जिलाधिकारी सन्तकबीर नगर को वहाँ के निवासियों द्वारा रजिस्टर्ड डाक एवं शपथ पत्र सहित, दिनांक 15 जून, 2022 को प्रेषित की गयी थी, प्राप्त हुई है? | जनपद-सन्तकबीर नगर, पो0-बनियावारी के ग्राम दुघरा में उचित दर विक्रेता के वितरण के संबंध में ग्राम वासियों का शिकायती पत्र दिनांक 15-06-2022 नहीं प्राप्त हुआ है अपितु ग्राम वासियों का शिकायती पत्र दिनांक 26-05-2022 प्राप्त हुआ है। उक्त शिकायती प्रार्थना पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं/तथ्यों की जांच क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक द्वारा मौके पर जाकर की गयी तथा कार्डधारकों/उपभोक्ताओं से वितरण के संबंध में उनके बयान लिये गये। जांच कार्यवाही में पायी गयी अनियमितताओं के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी खलीलाबाद के पत्र दिनांक 13-09-2022 द्वारा विक्रेता का अनुबन्ध निलंबित कर दिया गया है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर जन शिकायतों के आधार पर अभी तक क्या कार्यवाही की गयी? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।